दिनांक–25.07.2024 समय–7.10एएम

## प्रादेशिक समाचार

## आकाशवाणी, भोपाल

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री आज कोयम्बटूर में उद्योगपतियों से करेंगे चर्चा। ग्लोबल समिट के लिये देंगे निमंत्रण।
- रेल बजट में प्रदेष को मिले 14 हजार करोड़ से अधिक की राषि। मुख्यमंत्री ने जताया आभार।
- संसद के दोनों सदनों में केन्द्रीय बजट पर आज भी रहेगी चर्चा जारी।
- कारगिल विजय दिवस पर कल प्रदेष में होगे कई कार्यक्रम।

**प्रदेश–मुख्यमंत्री–कोयम्बतूर आयोजन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि दक्षिण भारतीय उद्योगपति मध्यप्रदेश में औद्योगिक इकाइयां प्रारंभ कर प्रदेश के द्वारा उद्योगपतियों को प्रदान की जा रही सहूलियतों का लाभ लें। इससे मध्यप्रदेश के लोगों के लिये भी रोजगार के नवीन अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज कोयम्बटूर में " इंटरेक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अर्पोच्यूनिटिज इन मध्यप्रदेश" का शुभारंभ करेंगे। इस सेशन में अब तक 700 से अधिक निवेशकों और उद्यमियों ने पंजीयन कराया है। यह आयोजन फरवरी 2025 में होने वाली "इन्वेस्ट मध्यप्रदेशः ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट" के रोड–टू–जीआईएस श्रृंखला का हिस्सा है। इन्वेस्ट एमपी इंटरेक्टिव सत्र में उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश सरकार की निवेश प्रोत्साहन, नवाचार और सतत् विकास की गतिविधियों की जानकारी देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव टेक्सटाइल एवं गारमेंट, इंजीनियरिंग और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में निवेश के लिए उद्योगपतियों से चर्चा करेंगे। इसके पहले कल मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कोयंबटूर पहुँचकर स्थानीय बेस्ट कॉर्प फैक्ट्री का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में टेक्सटाइल उद्योग में विकास की बहुत संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेस्ट कॉर्प संस्थान द्वारा उज्जैन में भी इकाई स्थापित की गई है, प्रदेश में अन्य स्थानों पर भी ऐसी इकाइयां लगें, इसके प्रयास किए जाएंगे।

**प्रदेश–संविदा कर्मचारी पारिश्रमिक वृद्धि दर**

राज्य शासन ने संविदा पर नियुक्त अधिकारी/कर्मचारियों के 1 अप्रैल, 2024 की स्थिति में पारिश्रमिक में वार्षिक वृद्धि की दर 3.87 प्रतिशत निर्धारित की है। इस संबंध में उप सचिव वित्त के द्वारा अध्यक्ष, राजस्व मंडल, ग्वालियर, समस्त संभागीय आयुक्त, समस्त विभागाध्यक्ष और समस्त जिलाध्यक्ष को आदेश जारी किये गये है।

**प्रदेश–रेल बजट–आभार**

प्रदेश की रेल परियोजनाओं के लिए इस बार रेल बजट में 14 हजार 738 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रदेश में 80 रेलवे स्टेशनों के विकास का कार्य चल रहा है। इसके लिए 81 हजार करोड़ रुपए की राशि मंजूर की गई, जिससे यह कार्य चल रहे हैं।

**बाईट – रेलमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश को दी गई रेल सुविधाओं और 14 हजार 738 करोड़ रुपए की राशि के प्रावधान के लिए केंद्र सरकार का आभार माना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेलमंत्री ने प्रदेश के हितों का ध्यान रखा है।

**प्रदेश–खेल विभाग समीक्षा**

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि खेल विभाग खिलाड़ियों को उच्च्य गुणवत्ता का प्रशिक्षण देकर उत्कृष्ट खिलाड़ी बनाने के काम के साथ–साथ युवाओं को खेल मैदानों की ओर आकर्षित करने का भी काम करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर कोने से खेल प्रतिभाओं की खोज कर उन्हें आगे बढ़ाएं। मंत्री श्री सारंग कल भोपाल के टी.टी. नगर स्टेडियम में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कोच के साथ स्पोर्ट्स अकादमियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कि नये खिलाड़ियों को खोज कर उनके पालकों के साथ काउन्सलिंग करने की दिशा में काम करने के लिये एक सेंटर बनाया जाये, ताकि बच्चे अपनी रूचि अनुसार खेल चयन कर अनुभवियों से मार्गदर्शन प्राप्त कर सके। उन्होंने कहा प्रदेश का हर युवा खेलों से जुड़े इसके लिये हर जिला एवं संभाग स्तर पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित होने चाहिए।

**राज्यसभा – बजट चर्चा**

बजट पर संसद के दोनों सदन में आज भी चर्चा जारी रहेगी। कल राज्यसभा में चर्चा के दौरान कांग्रेस के पी. चिदंबरम ने बेरोजगारी और महंगाई का मुद्दा उठाया। उन्होंने बेरोजगारी को सबसे बड़ी समस्या बताया। उन्होंने कहा कि उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन योजना से देश में पर्याप्त नौकरियां पैदा नहीं हुई हैं।

भारतीय जनता पार्टी के राधा मोहन दास अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। लोकसभा में केन्द्रीय बजट 2024—25 पर चर्चा शुरू हो गई है। साथ ही सदन में केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू—कश्मीर के बजट पर भी चर्चा हो रही है।

## कारगिल—विजय दिवस

कारगिल में 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के सम्मान में विभिन्न कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है, जिसमें मुख्यालय यूनिफ़ॉर्म फोर्स द्वारा आयोजित 'ऑल वुमेन मोटरबाइक रैली' भी शामिल है। यहां भारतीय वायु सेना की 29 अग्निवीर वायु महिलाएं पहली बार पूरी तरह से महिला ड्रिल टीम बनाने के लिए एक साथ आएंगी। टीम 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस पर इंडिया गेट परिसर में प्रदर्शन करेगी। भारतीय वायु सेना ने नागरिकों को एक प्रदर्शन का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया है। प्रदेष में भी कल कई जगहों पर कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। रतलाम में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा नगर में मषाल रैली निकाली जाएगी।

## भारतीय पासपोर्ट सूचकांक

वैश्विक पासपोर्ट सूचकांक में भारत को 82वें स्थान पर रखा गया है, जिससे भारतीयों को इंडोनेशिया, मलेशिया और थाईलैंड जैसे लोकप्रिय गंतव्यों सहित 58 देशों में वीजा—मुक्त प्रवेश की अनुमति मिलती है। ब्रिटेन स्थित हेनले पासपोर्ट इंडेक्स की नवीनतम रैंकिंग के अनुसार, भारत का पासपोर्ट अब 82वें स्थान पर है।

सिंगापुर ने अपने नागरिकों को 195 देशों में वीज़ा—मुक्त प्रवेश के साथ सूचकांक में शीर्ष स्थान पर कब्जा कर लिया। इसने जापान को पहले स्थान से हटा दिया, जो अब स्पेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली के साथ दूसरे स्थान पर है। सभी पांच देशों के पासपोर्ट 192 गंतव्यों तक वीज़ा—मुक्त पहुंच की अनुमति देते हैं।

## पेरिस ओलिम्पिक

भारत आज से पेरिस ओलिम्पिक 2024 में अपने अभियान की शुरुआत करेगा। ओलिम्पिक खेलों का उद्घाटन समारोह कल होगा। तीरंदाजी के व्यक्तिगत रैंकिंग राउंड में दीपिका कुमारी, अंकिता भगत, भजन कौर, बी. धीरज, तरुण दीप रॉय और प्रवीण जाधव चुनौती पेश करेंगे। अन्य चरण 28 जुलाई से चार अगस्त के बीच होंगे। महिला रैंकिंग राउंड भारतीय समय अनुसार दोपहर एक बजे से जबकि पुरुष रैंकिंग राउंड पांच बजकर 45 मिनट पर शुरू होगा।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- शिवपुरी जिले शिवपुरी जिले में आमजन को मिलावट की जानकारी देने के लिए चलित खाद्य प्रयोगशाला विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कर रही है। आज यह तहसील तहसील करैरा में ग्रामीण क्षेत्र तथा हाट बाजार मेला में भ्रमण करेगी।
- रतलाम कलेक्टर राजेश बाथम ने रतलाम के शासकीय अनुसूचित जाति सीनियर बालिका छात्रावास की अधीक्षिका रूपा मैड़ा को पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही एवं अनुशासनहीनता पाए जाने पर निलंबित कर दिया है।
- शाजापुर कलेक्टर ऋजु बाफना के निर्देशानुसार कल परिवहन विभाग एवं यातायात थाना प्रभारी ने संयुक्त रूप से अकोदिया, शुजालपुर, सलसलाई क्षेत्र में स्कूल बस, यात्री बस, मेजिक, ऑटो आदि की चैकिंग की कार्यवाही की।
- मुरैना में राजस्व महाअभियान को गति प्रदान करने हेतु विगत दिवस जिले की तहसील कैलारस का औचक निरीक्षण कलेक्टर अंकित अस्थाना ने किया। इस दौरान तहसीलदार रीडर भरत भूषण शर्मा कार्यालय से अनुपस्थित पाये गये इस पर कलेक्टर ने रीडर को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए।
- मंडला जिले के कालपी में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने अनुसूचित जनजाति बंधुओं के विकास एवं कल्याण के लिए वन समिति के सदस्यों के सुझावों पर चर्चा कार्यक्रम को संबोधित किया।

....................................